आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रख्यात राष्ट्र निष्ठ और शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि दी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी संग्रहालयों का राष्ट्रीय डेटाबेस विकसित करने का प्रस्ताव रखा।
- सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर तीस सितंबर तक करने का निर्णय लिया है।
- जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

<><><><><><><>

प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद्, राजनीतिज्ञ और समाजसेवी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल श्रद्धांजलि दी। जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था– एक विधान, एक निशान और एक प्रधान ही होगा, देश में दो नहीं होंगे। उन्होंने यह नारा उन्नीस सौ बावन में जम्मू–कश्मीर के आंदोलन में कहा था। श्री धनखड़ ने आगे कहा कि हम लंबे समय तक अनुच्छेद तीन सौ सत्तर से परेशान रहे। अनुच्छेद तीन सौ सत्तर ने हमें और जम्मू–कश्मीर को नुकसान पहुंचाया। उप राष्ट्रपति ने यह बात उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित कुलपतियों के निन्याब्बेवें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि–कोटि नमन। उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय सोसायटी की सैंतालीसवीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में संग्रहालयों का बहुत महत्व है और उनमें लोगों को इतिहास का अनुभव कराने की शक्ति है। उन्होंने संग्रहालयों में लोगों की रुचि उत्पन्न करने और इनकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। श्री मोदी ने व्यवस्थित रूप

से वर्तमान को संरक्षित करने और उनके दस्तावेजीकरण के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सटीक रिकॉर्ड रखने से भविष्य की पीढ़ियां विशेष कर शोधकर्ताओं को इस अवधि के अध्ययन और उन्हें बेहतर ढंग से समझने में सुगमता होगी। श्री मोदी ने देश के सभी संग्रहालयों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस विकसित करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें आगंतुकों की संख्या और गुणवत्ता मानकों जैसी प्रमुख साधन शामिल हों। श्री मोदी ने भारत के संग्रहालय मानचित्र का विचार भी रखा, जिसका उद्देश्य देश भर में संग्रहालयों का एकीकृत सांस्कृतिक और सूचनात्मक परिदृश्य प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने संग्रहालयों के विकास पर नए विचार और दृष्टिकोण के लिए प्रत्येक राज्य से 35 वर्ष से कम आयु के पांच व्यक्तियों की एक समिति गठित करने सहित नई पहल का भी आह्वान किया।

<><><><><><><>

सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस सितंबर तक करने का निर्णय लिया है। यह अंतिम तिथि पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी पर लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने इस वर्ष जनवरी में पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को अधिसूचित किया था। नियमों के अनुसार पात्र सरकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से एकीकृत पेंशन प्रणाली में जाने के लिए योजना के तहत अपना विकल्प चुनने के लिए इस महीने की तीस तारीख तक तीन महीने का समय दिया गया था। वित्त मंत्रालय के अनुसार, अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय तिथि बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों से प्राप्त आवेदन के मद्देनजर लिया गया है।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास एवं पंचायत सचिव अर्जुन शर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान हैदराबाद के सहयोग से टैगोर शिक्षा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं शहरी स्थानीय निकायों से संबद्ध एन आर एन एम के सामुदायिक कर्मचारियों के लिए तेईस से अट्ठाईस जून तक चलने वाले छः दिवसीय सह–मूल्यांकन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में अलग–अलग विकास ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी और एक सौ पचास सामुदायिक कैडर के लोग उपस्थित रहे। फरारगंज तहसील की खंड विकास अधिकारी, ललिता तिग्गा ने लोगों का स्वागत किया और दीनदयाल अंत्योदय योजना की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मिशन प्रबंधक कोबन्ना वेंकटेश्वर राव ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की पहचान, उपचार और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे टीबी संदिग्धों की हर क्षेत्र में पहचान करें और संदिग्ध मामलों की एक नई सूची तैयार कर राष्ट्रीय टीबी निगरानी प्रणाली, निक्षय पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को अगले पन्द्रह दिनों के भीतर एक माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे टीबी रोगियों की पहचान हो सके। दक्षिण अंडमान के डिप्टी कमिश्नर अर्जुन शर्मा ने आम जनता से इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मिशन का समर्थन करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं और एन डी आर एफ के साथ मिलकर कल दक्षिण अंडमान के कालीकट में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें साठ ग्रामीणों, ग्राम पंचायत सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपात स्थितियों और आपदाओं से निपटने के लिए लोगों को जागरूक करना था। सहायक निदेशक जनिक राम ने आपदाओं से निपटने के लिए सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार राज्य ओलम्पिक संघ ने कल से द्वीपसमूह में खेलों की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शुरू किया है, जिसमें ओलम्पिक दिवस दौड़, राज्य बैडमिन्टन चैम्पियनशिप और टेबल टेनिस चैम्पियनशिप आदि शामिल है। ओलम्पिक दिवस दौड़ कल सुबह छः बजे से ऐतिहासिक स्मारक सेल्यूलर जेल से आरंभ हुई, जिसका विषय था–एक बेहतर दुनिया के लिए एक साथ चलें, सीखें, खोजें। इसके अलावा ओपन स्टेट बैडमिन्टन चैम्पियनशिप नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय सभागार में शुरू हुई, जिसमें भारी भीड़ देखने को मिली। वर्तमान मे मौसम की स्थिति के चलते पूरे सप्ताह केवल इंडोर इवेंट ही आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजित हुई दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के दो सौ से ज्यादा नागरिकों ने हिस्सा लिया। राज्य ओलम्पिक संघ के महासचिव वी ए शियाद ने सभी प्रतिभागियों और अधिकारियों को उनकी भागीदारी के लिए बधाई दी। यह आयोजन पूरे द्वीपसमूह में सप्ताह भर तक चलेगा।

<><><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार आज द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। समुद्र की स्थिति बेहद खराब होने की आशंका जताई गई है। मछुआरों को आज समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। कल भी रात साढ़े आठ बजे तक दो मीटर ऊँचाई की लहरे उठने का अनुमान लगाया गया है।

<><><><><><><>